भारत सरकार
सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय

लोकसभा

अतारांकित प्रश्न सं. 1705

13.12.2023 को उत्तर देने के लिए

सकल घरेलू उत्पाद

1705. श्री एस. वेंकटेशन:

क्या **सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या भारत का सकल घरेलू उत्पाद 4 ट्रिलियन अमरीकी डॉलर से अधिक हो गया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) सकल घरेलू उत्पाद पर मंत्रालय के पास उपलब्ध नवीनतम आंकड़े क्या हैं; और

(ग) चालू वित्तीय वर्ष के अंत में सकल घरेलू उत्पाद के संबंध में मंत्रालय का अनुमान क्या है?

उत्तर

सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), योजना मंत्रालय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)_तथा कॉरपोरेट कार्य मंत्रालय राज्य मंत्री [राव इंद्रजीत सिंह]

(क) और (ख): भारत सरकार केवल भारतीय रूपए में ही सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का आकलन करती है। वर्ष 2022-23 हेतु राष्ट्रीय आय का अनंतिम अनुमान (पीई) के संबंध में 31 मई 2023 को जारी नवीनतम प्रेस नोट के अनुसार वर्ष 2022-23 में नॉमिनल जीडीपी अथवा प्रचलित मूल्यों पर जीडीपी 272.41 लाख करोड़ रूपए है। हालांकि, अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ़), आर्थिक सहयोग एवं विकास संगठन (ओईसीडी), विश्व बैंक आदि जैसी एजेंसियां उपयुक्त विनिमय दर को ध्यान में रखकर भारत समेत अन्य देशों के जीडीपी अनुमान अमेरिकी डॉलर में प्रकाशित करती हैं। आईएमएफ़ द्वारा अक्टूबर 2023 में प्रकाशित वर्ल्ड इकोनोमिक आउटलुक डेटाबेस के अनुसार 2023 से 2028 तक भारत की जीडीपी का प्रस्तावित आकलन निम्नवत है:

वर्ष	जीडीपी का प्रस्तावित आकलन (ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर में)
2023	3.73
2024	4.11
2025	4.51
2026	4.95
2027	5.43
2028	5.94

(ग) सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय ने चालू वित्तीय वर्ष हेतु जीडीपी का कोई पूर्वानुमान प्रस्तुत नहीं किया है।

*****